# National Seminar on Gender Sensitization

## Feb, 19-20, 2021





भदोही amarujala.com

# 'नारी और पुरुष दोनों को क्षमतानुसार अवसर मिले'

केएनपीजी कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत हुई

केएनपीजी कॉलेज के सेमिनार में बोलते पूर्व कुलपति डॉ. राजाराम यादव। संवाद

केएनपीजी कॉलेज में नेशनल सेमिनार जेंडर इक्वालिटी ह्युमन राईट्स में उपस्थित लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

ज्ञानपुर। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्याल में मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास विभाग की ओर से जेंडर इक्वालिटी ऐंड ह्यूमन राइट्स विषय पर शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। इस दौरान समारोह की मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो राजाराम यादव ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप नारायण डोंगरे ने महिला अधिकारों के प्रति संवेदनशील होने और उन्हें आगे बढ़ाने के अवसर देने की बात की।

मुख्य अतिथि प्रो. राजाराम यादव ने कहा कि नारी और पुरुष दोनों को अपने प्रकृति प्रदत्त क्षमता के अनुसार विकास के समान अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि समान अवसर के साथ साथ कर्तव्य बोध का होना भी बहुत आवश्यक है। पूर्व कुलपति ने कहा कि भारत की संस्कृति परिवार की संस्कृति है जिसे

**पूर्व कुलपति प्रो राजराम यादव ने सेमिनार को किया संबोधित**

**बोल भारत की परिवार की संस्कृति को तोड़ना चाहती है विदेशी ताकतें**

कुछ विदेशी ताकते हमेशा तोड़ने का प्रयास करती है , हम सबकों इस रोकना होगा और अपनी परिवार की संस्कृति को बचाना होगा ।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के इतिहासविद् प्रो. केशव मिश्रा ने कहा कि लैंगिक भेदभाव ईश्वर ने नहीं बल्कि मनुष्यों ने ही निर्मित किया हैं। जबकि राजकीय महाविद्यालय, बलरामपुर के प्राचार्य डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि थर्ड जेंडर को अल्पसंख्यक की संज्ञा देते हुए कहा कि इन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए समाज में इनकी व्यापक चर्चा की जानी चाहिए। वहीं राजकीय महाविद्यालय ढिंढुईपट्टी प्रतापगढ़ के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिंह ने लैंगिक समानता के लिए समाज को सरकार और कानून के साथ मिलकर चलने की बात कही।

इस दौरान सेमिनार में मौजूद ज्ञानपुर उपजिलाधिकारी ज्ञानप्रकाश यादव ने महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ाने और उनके लैंगिक उत्पीड़न को रोकने हेतु सरकार की ओर से मिशन शक्ति, एंटी रोमियो, स्क्वॉड और चाइल्ड हेल्पलाइन आदि प्रावधानों की जानकारी दी। समारोह की विशिष्ट अतिथि और मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. बिंदा परांजपे ने युगांडा में हुए नरसंहार के बारे में बताते हुए कहा कि वहां महिलाओं ने अलग-अलग समूह बनाते हुए परस्पर सहयोग के माध्यम से अपने जीवन की सुरक्षा की है। इस संदर्भ में उन्होंने जेंडर और ह्यूमन की अवधारणा को स्पष्ट बनाने पर भी जोर दिया। मौके पर डॉ. जयशंकर मिश्रा, डॉ. नीलांजन मजूमदार, डॉ. आरएन शर्मा, डॉ. शुभा श्रीवास्तव, डॉ. रमेश यादव, डॉ. घनश्याम, डॉ. कामिनी वर्मा आदि रहे।


पंचायत चुनाव
4 | दैनिक जागरण
www.jagran.com
वाराणसी, 20 फरवरी, 2021

# विकास के लिए स्त्री और पुरुष को मिले समान अवसर

**सेमिनार**

- लैंगिक समानता व मानव अधिकारों पर चला गहन मंथन
- कानरा महाविद्यालय में दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ

जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही) : स्त्री और पुरुष में प्रकृति प्रदत्त चरित्र के अनुसार विकास के समान अवसर मिलने चाहिए। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में शुक्रवार से जेंडर इक्वलिटी एंड ह्यूमन राइट्स विषय पर शुरू हुए दो दिवसीय सेमिनार के पहले दिन मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राजाराम यादव ने स्त्री-पुरुष में प्राकृतिक भेद को स्वीकार करते हुए यह बातें कहीं।


बीएचयू के प्रो. बिंदा परांजपे ने युगांडा में हुए नरसंहार से उद्बोधन कि शुरुआत की। कहा कि वहां महिलाओं ने अलग-अलग समूह बनाते हुए परस्पर सहयोग के जरिए अपने जीवन की सुरक्षा की। राजकीय महाविद्यालय बलरामपुर के प्राचार्य डा. कमाल अहमद सिद्दीकी ने लैंगिक समानता पर बात करते हुए थर्ड जेंडर को अल्पसंख्यकों में भी अल्पसंख्यक की संज्ञा देते हुए कहा कि इन्हें भी समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर परिचर्चा होनी चाहिए। प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे ने महिला अधिकारों के प्रति संवेदनशील होने व उन्हें आगे बढ़ाने तो राजकीय महाविद्यालय ढिंढुईपट्टी प्रतापगढ़ के प्राचार्य डा. विनय कुमार सिंह ने लैंगिक समानता के लिए समाज को सरकार व कानून के साथ मिलकर चलने की बात कही। बीएचयू के इतिहासविद् प्रो. केशव मिश्र ने लैंगिक भेदभाव को मानव प्रदत्त बताया। अध्यक्षता डा. प्रदीप कुमार ने की। सेमिनार में डा. जयशंकर मिश्र, डा. नीलांजन मजूमदार, डा. शुभा श्रीवास्तव, डा. कामिनी वर्मा, डा. आरएन शर्मा, डा. महेंद्र त्रिपाठी आदि ने भी विचार रखें। संयोजन डा. मनोज सिंह यादव व संचालन डा. महेंद्र कुमार व डा. सर्वेशानंद ने संयुक्त रूप से किया।

# Self Defence Training Programme















## विषम परिस्थिति में लें एंटी रोमियो दल का सहयोग

- मिशन शक्ति के तहत दिया गया मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण
- हेल्पलाइन नंबरों व एनीमिया से बचाव की मिली जानकारी

जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही) : मिशन शक्ति के तहत काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में चल रहे मार्शल आर्ट के प्रशिक्षण शिविर में गुरुवार को आए एंटी रोमियो दल के शर्मानंद यादव ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। कहा कि बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता में है। किसी भी विषम स्थिति में उनका सहयोग लिया जा सकता है।

छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कहा कि किसी भी मुसीबत में फंसने पर इस पर काल कर सहायता ली जा सकती है। स्काउट-गाइड संस्था के जिला ट्रेनिंग काउंसलर प्रवीण सिंह व विजय त्यागी ने छात्राओं के हाथ सैनिटाइज कराकर मास्क वितरित किया। कोरोना से बचने का संदेश दिया। मार्शल आर्ट प्रशिक्षक निशा गुप्ता ने पूर्व में सिखाए गए पंच मारना, बाल, कालर छुड़ाना तथा थप्पड़ के वार से बचने का पूर्वाभ्यास कराया।

जागरूकता गोष्ठी में गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डा. मनीषा ने लड़कियों-महिलाओं में पाई जाने वाली एनीमिया की समस्या से बचने के लिए आयरनयुक्त चीजों का सेवन करने पर जोर दिया। कार्यक्रम समन्वयक डा. कामिनी वर्मा साफ-सफाई व स्वस्थ रहने की जानकारी दी।



काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर-भदोही

मिशन शक्ति

MARTIAL ARTS

**प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि कु0/श्री ......पूर्णिमा मौर्या......


पुत्र/पुत्री/श्री ......शिवशंकर मौर्या...... कक्षा ......M.A. IV...... ने

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के उपलक्ष्य मे आयोजित दिनांक ...17/10/2020

से 25/10/2020 तक मार्शल आर्ट प्रशिक्षण मे सकिय रूप से प्रतिभाग किया।

हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (डॉ0 कामिनी वर्मा) | (डॉ0 रविन्द्र कुमार) | (डॉ0 राजेन्द्र राजन) | (डॉ0 पी0 एन0 डोंगरे) |
| संयोजक | सह संयोजक | क्रीड़ा सचिव | प्राचार्य |



## विपक्षी को चित करने की सिखाई कला

जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही) : काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में मिशन शक्ति के तहत चल रहे मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर में बुधवार को छात्राओं को विपक्षी को चित करने के दांव सिखाए गए। प्रशिक्षक निशा गुप्ता ने पंच ब्लाक का बेसिक ज्ञान दिया। साथ ही ग्रुप फाइटिंग, हैंडलाकिंग आदि के गुर सिखाए गए।

इसके पश्चात जागरूकता गोष्ठी में महिला कल्याण विभाग ज्ञानपुर की मीना गुप्ता ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना तथा बच्चों की सुरक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। बेटियों की सुरक्षा व सशक्तीकरण की शपथ दिलाई। विभाग से आई ज्योति भारती, चांदनी भारती व महेंद्र गुप्त ने भी छात्राओं को जागरुक किया।

महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के डा. विनय मिश्र ने नारी प्रतिष्ठा पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम समन्वयक डा. कामिनी वर्मा ने बताया कि एंटी रोमियो दल की ओर से महाविद्यालय में शिकायत पेटिका लगाई गई है। छात्राएं किसी के द्वारा किए जाने वाले अभद्र व्यवहार व छेड़खानी की शिकायत बगैर अपना नाम लिखे लिखकर डाल सकती हैं। उनकी शिकायत का संज्ञान लेकर कार्रवाई तय होगी। उनका नाम भी गोपनीय बना रहेगा।